an>

Title: Need to modernise Central Training College, CRPF at Neemuch, Madhya Pradesh and also set up a permanent battalion of CRPF at Neemuch.

श्री सुधीर गुप्ता (मंदसौर) ः नीमच नगर मध्य प्रदेश के सुन्दर शहरों में से एक है। नीमच में सेन्ट्रल रिजर्व पुलिस (सी.आर.पी.एफ.) का ट्रेनिंग सेंटर स्थापित है। देशभर में सी.आर.पी.एफ. के कई सेंटर स्थापित हुए मगर नीमच सी.आर.पी.एफ. देश में बदलते परिवेश में विकास की राह देख रहा है।

मेरी केंद्र सरकार से मांग है कि नीमच में सी.आर.पी.एफ. ट्रेनिंग सेंटर को नये-आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित किया जाए। सैनिकों की स्थाई बटालियन स्थापित की जाए। सैनिकों के लिए रिहायशी सुविधा का विस्तार किया जाए।

सी.आर.पी.एफ. का जन्म केन्द्र नीमच हर दृष्टि से देश में आदर्श बने इस हेतु समुचित आवश्यक कदम उठाए जाए।